

# ओंकारेश्वर में मंदिरों के दान पात्रों से निकले 27 .58 लाख रुपये



**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर स्थित श्री ओंकारेश्वर और श्री ममलेश्वर मंदिर के दान पात्रों को हाल ही में प्रशासन की कड़ी निगरानी में खोला गया। बैंक और मंदिर कर्मचारियों द्वारा की गई गणना में दोनों मंदिरों से कुल 27,58,165 रुपये की दान राशि प्राप्त हुई है। इस राशि का उपयोग आगामी सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और मंदिर के विकास कार्यों में किया जाएगा। श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अंतर्गत रखे गए सात दान पात्रों को शुक्रवार को खोला गया।

प्रशासन की ओर से तहसीलदार, पटवारी और मंदिर के सहायक कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी की गई। मंदिर और बैंक कर्मचारियों द्वारा की गई गणना में यहां से कुल बीस लाख छियासी हजार तीन सौ रुपये की दान राशि प्राप्त हुई ।वहीं, पुनासा के एसडीएम श्री पंकज वर्मा ने जानकारी दी कि 16 जुलाई को श्री ममलेश्वर मंदिर समिति के पांच दान पात्र खोले गए। इनमें 2 जुलाई से 16 जुलाई तक की अवधि में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई दान राशि शामिल थी। तहसीलदार और जिला कोषालय अधिकारी के प्रतिनिधि की मौजूदगी में की गई गणना में ममलेश्वर मंदिर से कुल छ: लाख इकहत्तर हजार आठ सौ पैंसठ रुपये प्राप्त हुए। आगामी सिंहस्थ-2028 में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से गठित श्री ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति इस दान राशि का उपयोग मंदिर के विकास कार्यों में कर रही है।

वर्तमान में इस राशि से मंदिर परिसर में राशि गणना व मूर्तियों को व्यवस्थित रखने के लिए टीन शेड का निर्माण, स्टील रेलिंग का कार्य, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और शौचालय व सुविधाघर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन और आवश्यकता अनुसार अन्य प्रबंधकीय कार्य भी इसी राशि से संपन्न किए जा रहे हैं।

# राठौर समाज के ऐतिहासिक चल समारोह में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## केसरिया गमछे और लाल साड़ियों से सजा शहर, मातृशक्तियों ने बढ़ाया समारोह का मान

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। राठौर सकल पंच ट्रस्ट, खंडवा के तत्वावधान में राठौर धर्मशाला, खड़कपुरा में नव-निर्मित मंदिर की *प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर राठौर समाज द्वारा शहर में ऐतिहासिक चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह में *राठौर समाज के गणमान्य नागरिक, युवा, वरिष्ठजन और मातृशक्तियां* केसरिया गमछे और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। महिलाओं ने लाल और गुलाबी रंग की साड़ियां पहनकर चल समारोह की शोभा बढ़ाई।**



चल समारोह खड़कपुरा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। पूरे मार्ग में जय श्री राम, जय हर हर महादेव दुर्गादास, जय राठौर समाज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बैंड-बाजे, डीजे और भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह चल समारोह का स्वागत समाज बंधुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। दुकानदारों और नागरिकों ने भी चल समारोह का अभिवादन किया।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह

चल समारोह के धर्मशाला पहुंचने पर पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ *शिव परिवार, राम दरबार एवं राधा-कृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, महाआरती, महाप्रसादी, राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा, सुंदरकांड पाठ, राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा, भजन संध्या-महाप्रसादी हुई।

### समाज की एकजुटता

राठौर सकल पंच ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि इस चल समारोह ने यह साबित कर दिया कि राठौर समाज एकता और धर्म के मार्ग पर अग्रसर है। विशेष रूप सेसमाज की मातृशक्तियों का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने बढ़-चढ़कर न सिर्फ चल समारोह में भाग लिया बल्कि व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी, युवा मंडल एवं महिला मंडल का विशेष योगदान रहा।

# छात्रों ने निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, पारंपरिक वस्त्रों में हुए शामिल

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नागचून रोड स्थित बेन्स पब्लिक स्कूल में भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं तथा पारंपरिक वेशभूषा में रथयात्रा निकाली।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर कपिल चौधरी एवं प्राचार्या जयंती चौहान ने भगवान श्री जगन्नाथ के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। रथयात्रा में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डायरेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। वहीं प्राचार्या श्रीमती चौहान ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्रेम, समानता, सेवा और भाईचारे का संदेश देती है तथा विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना सिखाती है ।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों को प्रसाद वितरित किया गया।

## बिजली गिरने से झुलसे विराट को जिला अस्पताल में मिला नया जीवन

**खंडवा ।** पंधाना तहसील के ग्राम बड़ौदा अहीर निवासी 12 वर्षीय विराट पिता ताराचंद आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे अत्यंत गंभीर और नाजुक अवस्था में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा लाए थे द्य उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. दीपक पंचोरे एवं उनकी टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया।

### एक नजर में

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती में दस्तावेज अपलोड और सत्यापन शुरू

**खंडवा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक (विशेष शिक्षा) नियोजन-2026 के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज अपलोड और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 से 20 जुलाई तक अभ्यर्थियों को एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन, आवश्यक दस्तावेज अपलोड, जिला विकल्प चयन और शुल्क भुगतान करना होगा। इसके बाद 19 से 21 जुलाई तक जिला स्तर पर दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा ।विभाग ने सभी अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित सभी जिलों को प्राथमिकता क्रम में भरना अनिवार्य किया है। दस्तावेज अपलोड करने के अगले दिन चयनित सत्यापन केंद्र पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा ।विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।

## एक मौत के बाद भी बेपरवाह ठेकेदार, अधूरी सड़क बनी मौत का फंदा

**बीड़।** मोहद में सीसी रोड निर्माण में ठेकेदार की घोर लापरवाही सामने आई है। रोड तो बना दिया गया, लेकिन किनारों को भरने में भारी अनियमितता बरती गई। नियमानुसार किनारों को सड़क के स्तर तक मुरूम से भरा जाना था, लेकिन ठेकेदार ने केवल नाममात्र की मुरूम डालकर खानापूर्ति कर दी। नतीजतन, मकान मालिकों को खुद ही अपने घरों के सामने मुरूम फैलानी पड़ी ।वर्तमान में सड़क और किनारों के बीच छह से आठ इंच का गहरा गड्ढा छोड़ दिया गया है, जो सीधे तौर पर हादसों को न्योता दे रहा है। सड़क की दूसरी तरफ का हाल और भी खतरनाक है, जहां कार्य अधूरा है और लोहे के सरिए बाहर निकले हुए हैं। यह घोर लापरवाही इसलिए भी बेहद गंभीर है क्योंकि इसी सड़क निर्माण के दौरान पहले ही एक व्यक्ति अपनी जान गंवा चुका है। इसके बावजूद ठेकेदार बेपरवाह है ।आगामी कुछ दिन में गुरु पूर्णिमा है, जिस दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। ऐसे में बाहर निकले सरिए और गहरे किनारे किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि पर्व से पहले इस जानलेवा लापरवाही को सुधार कर कार्य पूर्ण किया जाए। इस मामले पर जब पीडब्ल्यूडी एसडीओ सीमा सागर से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## आपार मैपिंग में ढिलाई, 9 पर कार्रवाई



**खंडवा।** शिक्षा विभाग ने आपार आईडी और छात्र मैपिंग कार्य में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) पी.एस. सोलंकी ने खालवा ब्लॉक की समीक्षा बैठक में खराब प्रगति पाए जाने पर 9 प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उल्लास नव भारत साक्षरता प्रशिक्षण के दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए डीपीसी ने स्पष्ट किया कि आपार आईडी और मैपिंग कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्य समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। हरसूद में आयोजित बैठक में डीपीसी ने हरसूद और बलड़ी ब्लॉक के बीआरसी, बीएसी और जनशिक्षकों के साथ भी समीक्षा की। उन्होंने स्कूल भवनों की छतों को डैम्प-प्रूफ कराने तथा जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान तथा उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत वर्ष 2027 तक 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी निरक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य हर हाल में पूरा

# पहली बारिश में ही बह गई पुलिया



**किल्लोद।** ग्राम पंचायत मीनवा में हाल ही में निर्मित पुलिया पहली ही बारिश में बह जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

किल्लोद कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गिरवर सिंह राजपूत ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उनका कहना है कि पहली ही बारिश में पुलिया का बह जाना निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही की ओर संकेत करता है। गिरवर सिंह राजपूत ने कहा, क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।

# विशेष लोक अदालत में 55 मामलों का समझौते से निराकरण

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय खंडवा में शनिवार को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की गई। विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी ने लोक अदालत का शुभारंभ किया ।लोक अदालत के प्रभावी संचालन के लिए जिले में पांच खंडपीठों का गठन किया गया। इन खंडपीठों के समक्ष चेक बाउंस से जुड़े प्रकरण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर प्रस्तुत किए गए। कुल 57 प्रकरण



विचारार्थ आए, जिनमें से 55 मामलों का सफलतापूर्वक समझौते के आधार पर निराकरण किया गया ।इन मामलों में पक्षकारों के बीच 83 लाख 24 हजार 346 रुपये की राशि का सेटलमेंट हुआ। इस दौरान न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को लोक अदालत की उपयोगिता तथा विवादों के त्वरित, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद सिंह टेकाम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र पाथरीकर सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी और पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे ।यदि चाहें तो इसे सपाट खबर या पत्रिका शैली में भी संक्षिप्त रूप में तैयार कर सकता हूँ।

# पशु चोरी का 24 घंटे में खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** रामनगर चौकी एवं कोतवाली पुलिस ने पशु चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई तीन भैंस, एक पाड़ा और वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया है। जब्त माल कीमत 6.10 लाख रुपये आंकी गई है।



पुलिस के अनुसार दीपला निवासी राधेश्याम सावनेर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात के समय उनके खेत से तीन भैंस और एक पाड़ा चोरी हो गया। सूचना मिलते ही रामनगर चौकी और कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर पीछा किया तथा दो आरोपियों को मौके से हिरासत में लेकर पशुओं को बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश, जगदीश, बालू उर्फ मालसिंह, रूपसिंह और दिलीप, सभी निवासी सरमेश्वर (थाना पिपलोद) शामिल हैं।

# योग से सशक्त होगा बचपन, बाल संरक्षण को मिलेगी नई दिशा

**खंडवा ।** मध्यप्रदेश योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र शर्मा से बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बाल कल्याण समिति राजगढ़ के अध्यक्ष साकेत शर्मा, झाबुआ की अध्यक्ष प्रीति चौहान और देवास की अध्यक्ष सीमा यादव भी उपस्थित रहीं ।बैठक में योग और बाल



संरक्षणविषय पर सार्थक चर्चा हुई। प्रवीण शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण का उद्देश्य केवल बच्चों को सुरक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, अनुशासित और सकारात्मक व्यक्तित्व के रूप में विकसित करना भी है। उन्होंने बाल गृहों एवं पुनर्वास संस्थाओं में योग, ध्यान और जीवन-कौशल आधारित गतिविधियों को नियमित रूप से शामिल करने का सुझाव दिया।

**एक नजर** — निमाड़ रेंज की नवागत डीआईजी ने किया ओंकारेश्वर का दौरा, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए दिए निर्देश

# त्योहारों और सिंहस्थ की तैयारियों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** निमाड़ रेंज (खरगोन) की नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद ने शनिवार को तीर्थनगरी ओंकारेश्वर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही, उन्होंने आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान डीआईजी सुश्री प्रसाद ने थाना मान्धाता, शहर के सीसीटीवी कंट्रोल रूम, श्री ओंकारेश्वर मंदिर परिसर और मोरटक्का सहित कई प्रमुख स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र की जांच करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में कोई कोताही न बरती जाए ।निरीक्षण के पश्चात उन्होंने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी पर्वों और सिंहस्थ महापर्व के दृष्टिगत सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं, निगरानी तंत्र और विकास कार्य समय-सीमा के भीतर और बेहद प्रभावी ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि दर्शनार्थियों को एक सुरक्षित और सुगम व्यवस्था मिल सके।

